सत्यमेव जयते

भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA

**वर्ष 2020-2021 के लिए पुदुचेरी संघ राज्य क्षेत्र की अनुदानों की पूरक मांगें तथा**

**वर्ष 2021-2022 पुदुचेरी संघ राज्य क्षेत्र के लिए लेखानुदान**

# निर्मला सीतारामन

वित्त मंत्री

**का**

**भाषण**

**Supplementary Demands for Grants for the Union Territory of Puducherry for 2020-2021 and**

**Vote on Account for the Union Territory of Puducherry for 2021-2022**

**SPEECH OF**

# NIRMALA SITHARAMAN

MINISTER OF FINANCE

**मार्च / March 17, 2021**

**वर्ष 2020-2021 के लिए पुदुचेरी, संघ राज्य क्षेत्र हेतु अनुदानों की पूरक मांगे**
**वर्ष 2020-2021 के लिए पुदुचेरी, संघ राज्य क्षेत्र हेतु लेखानुदान**

# निर्मला सीतारामन

*वित्त मंत्री*

**का भाषण**

**माननीय अध्यक्ष महोदय,**

1. इस गरिमामयी संसद के माननीय सांसदों को यह पता है कि राष्ट्रपति की अधिसूचना दिनांक 25.02.2021 के तहत पुदुचेरी संघ राज्य क्षेत्र के विधान सभा पुदुचेरी की 15वीं विधान सभा गठित होने तक निलंबन के अंतर्गत रखा गया है। उक्त अधिसूचना के अनुसार संघ राज्य क्षेत्र अधिनियम, 1963 की धारा 23, 27-31, 48 एवं 49 में संघ राज्य क्षेत्र की विधान सभा से संबंधित संदर्भ को संसद के संदर्भ के रूप में माना जाएगा। तदनुसार, पुदुचेरी सरकार ने वर्ष 2020-21 के लिए अनुदानों की पूरक मांगों के लिए एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया है जिसे निलंबन में रखी गई पुदुचेरी विधान सभा की दृष्टि में संसद द्वारा संस्वीकृत किया जाना अपेक्षित है।

2. पुदुचेरी सरकार ने वर्ष 2020-21 के लिए 256.04 करोड़ रुपए की अनुदानों की पूरक मांगों का प्रस्ताव किया है। इस पर 97.25 करोड़ रुपए का पूंजी व्यय होगा और 158.78 करोड़ रुपए का राजस्व व्यय होगा। निम्नलिखित कारणों से अनुदानों की पूरक मांगे आवश्यक हो गई हैः-

(क) निम्नलिखित के लिए भूमि अधिग्रहण संपूर्ति का निपटान (i) कारैकाल में पश्चिमी बाईपास सड़क, (ii) कलेक्ट्रेट, कारैकाल और (iii) इंदिरा गांधी कला और विज्ञान महाविद्यालय।

(ख) विधान सभा के चुनाव करवाने के लिए अतिरिक्त निधि का अनुरोध।

(ग) कोविड-19 से संबंधित व्यय के लिए अतिरिक्त निधियों का प्रावधान।

(घ) डिस्कॉम/विद्युत उत्पादन केंद्र के लिए लंबित विद्युत खरीद बकायों का निपटान।

(ङ) पुदुचेरी सरकार के अन्य अपरिहार्य प्रतिबद्ध व्यय।

3. राजकोषीय संकेतक

3.1. जीएसडीपी की 25 प्रतिशत की अनुमेय सीमा के स्थान पर यह ऋण/जीएसडीपी अनुपात 21.99 प्रतिशत है।

3.2. जीएसडीपी की 3 प्रतिशत की अनुमेय सीमा के स्थान पर यह राजकोषीय घाटा 2.07 प्रतिशत है।

4. माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं इस गरिमामयी सदन को सूचित करना चाहती हूं कि पुदुचेरी सरकार द्वारा वर्ष 2021-22 के लिए नियमित बजट पेश किए जाने के संबंध में 'लेखानुदान' केवल उन राज्यों के लिए लिया जा सकता है जिन राज्यों में भारतीय निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार चुनाव हो रहे हैं। अतः वर्ष 2021-22 के लिए नियमित बजट को पुदुचेरी संघ राज्य क्षेत्र में नई सरकार द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात ही पेश किया जाना है। मैं यह भी बताना चाहती हूं कि नियमित बजट को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया जिसमें संवीक्षा के लिए अपेक्षित समय और गृह मंत्रालय/वित्त मंत्रालय का अनुमोदन शामिल है, के लिए सामान्यतः दो महीने का न्यूनतम समय लगता है। अतः मैं अप्रैल-अगस्त, 2021 तक पांच महीने की अवधि हेतु 3,934 करोड़ रुपए की कुल व्यय को शामिल करते हुए 'लेखानुदान' पेश करने का प्रस्ताव करती हूं।

5. माननीय अध्यक्ष महोदय, इन शब्दों के साथ मैं पुदुचेरी संघ राज्य क्षेत्र के लिए वर्ष 2020-21 के अनुदानों की पूरक मांगों और वर्ष 2021-22 के दिनांक 01.04.2021 से 31.08.2021 तक पांच माह का 'लेखानुदान' अगली कार्रवाई हेतु सदन में पेश करती हूं।

**Supplementary Demands for Grants for the Union Territory of Puducherry for 2020-2021 and**

**Vote on Account for the Union Territory of Puducherry for 2021-2022**

**Speech of**

# Nirmala Sitharaman

*Minister of Finance*

**Mr. Speaker Sir,**

**1.** Hon'ble Members of this august House are aware that the Legislative Assembly of Puducherry UT has been placed under suspended animation until the constitution of the 15th Legislative Assembly of Puducherry, vide Presidential Notification dated 25.02.2021. As per the said Notification, the reference to Legislative Assembly of the UT in Sections 23,27-31, 48 & 49 of the UT Act 1963 shall be construed as reference to Parliament. Accordingly, the Government of Puducherry has submitted a proposal for Supplementary Demands for Grants for the year 2020-21 which is required to be sanctioned by the Parliament in view of the Legislative Assembly, Puducherry, being kept under suspended animation.

**2.** The Government of Puducherry has proposed a Supplementary Demand for Grants of Rs.256.04 crore for the year 2020-21. Of this, the capital expenditure would be Rs.97.25 crore and revenue expenditure would be Rs.158.78 crore. The Supplementary Demands for Grants have become necessary due to the following reasons:-

- **(a)** Settlement of land Acquisition compensation for (i) Western by-pass road in Karaikal (ii) Collectorate, Karaikal and (iii) Indira Gandhi Arts & Science College.
- **(b)** Additional request of funds for the conduct of Elections to the Legislative Assembly.
- **(c)** Provision of additional funds for COVID-19 related expenditure.
- **(d)** Settlement of pending power purchase dues to DISCOMs / Power generating stations.
- **(e)** Other unavoidable committed expenditure of the Government of Puducherry.

3. <u>Fiscal Indicators:</u>

3.1 The Debt/GSDP ratio is 21.99 percent against the permissible limit of 25% of GSDP

3.2 The fiscal deficit is 2.07 percent against the permissible limit of 3% of GSDP.

**4.** Mr. Speaker Sir, I would also like to inform this august House that as regards presentation of regular Budget for the year 2021-22 by the Government of Puducherry, only a "Vote on Account" can be taken, in States which are going to polls as per ECI guidelines. Hence, the regular budget for the year 2021-22 will have to be presented after assumption of office by the new Government in the UT of Puducherry. I would like to add that the process of finalizing the regular budget including the time required for scrutiny and approval of MHA / MoF normally takes a minimum of two months' time. Hence, I propose to present a "Vote on Account" covering expenditure for a period of five months from April – August 2021 for a total expenditure of Rs.3,934 crore

**5.** Mr. Speaker Sir, with these words, I present to the House the Supplementary Demand for Grants for the year 2020-21 and the "Vote on Account" for the year 2021-22 for five months from 01.04.2021 to 31.08.2021 for the Union Territory of Puducherry for further consideration.